-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 29.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना कमासिन पुलिस द्वारा अवैध गांजे के साथ अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से 1.3 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद बांदा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन ईगल"** के क्रम में थाना कमासिन पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब हो कि दिनांक 28/29.06.2026 की देर रात्रि थाना कमासिन पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रिशु पुत्र शिवशंकर निवासी लोहरा थाना कमासिन जनपद बांदा को राजापुर बबेरु मार्ग पर इटर्रा बढौनी तिराहे से अवैध सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है। तलाशी के दोरान अभियुक्त के कब्जे से कुल 01 किलो 300 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा बरामद अवैध सूखे गांजे को कब्जे में लेकर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया।

बरामदगी-

- 01 किलो 300 ग्राम अवैध सूखा गांजा।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. रिशु पुत्र शिवशंकर निवासी ग्राम लोहरा थाना कमासिन जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0- 182/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री जाबिर अली
2. हे0कां0 लक्ष्मीकांत यादव
3. कां0 अजीत कुमार